## एक नजर में

### निगम निर्धारित शुल्क प्राप्त कर उपलब्ध कराएगी तिरंगा

**देवास।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य मे शासन निर्देशानुसार हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान अन्तर्गत नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा निगम सीमा क्षेत्र मे हर घर तिरंगा लगाये जाने हेतु निगम कर्मचारियों की ड्युटी लागाई गई है। जिसमे शहर के प्रमुख स्थानों मल्हार स्मृति मंदिर लाल गेट एबी रोड पर प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षक देवाशीष मडके, विक्रम सभा भवन विजया रोड पर शिरोमणी सिह, नगर निगम प्रांगण मे स्वाधिन खरे, भोलेनाथ मंदिर रोड रैन बसेरा मे मनीष थोरात, ईटावा बस स्टण्ड रैन बसेरा पर दीपकसिह डोडिया की ड्युटी लगाई गई है। उक्त कर्मचारी नियम स्थानों पर 12 अगस्त से 14 अगस्त तक आम नागरिकों से निर्धारित शुल्क रूपये 21 प्रति झण्डा प्राप्त कर झण्डा उपलब्ध करायेगें तथा राशि निगम कोष मे जमा करायेगें।

### सेन न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष नियुक्त



**देवास।** न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ (राष्ट्रीय) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.एल. शर्मा की अनुशंसा पर संघ प्रदेशाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने देवास के युवा पत्रकार ओमप्रकाश सेन को न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ (राष्ट्रीय) का देवास जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन ने उन्हें पत्रकारिता के प्रति उनकी निष्ठा, कार्यकुशलता और सार्थक योगदान को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। श्री सेन वर्तमान में सक्रिय रूप से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत हैं। पत्रकारिता जगत और स्थानीय सामाजिक संगठनों ने ओमप्रकाश सेन को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पूर्णाहुति के साथ हुआ अभिषेक का समापन



**भौरासा।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी क्षेत्र के अति प्राचीन बाबा भंवरनाथ जी मंदिर व भगवान मनकामनेश्वर के मंदिर में श्रावण मास में नगरवासियों द्वारा प्रतिदिन करवाए जाने वाले रुद्राभिषेक का आज पूर्णाहुति व हवन पुजन के साथ समापन हुआ। पूर्णाहुति एवं हवन पूजन नगर परसाई पं.मनोज जोशी एवं संतोष शर्मा द्वारा मंत्रोउच्चारण के साथ करवाया गया। इस अवसर पर आज बाबा भंवरनाथ जी महाराज व भगवान मनकामनेश्वर का आकर्षक श्रृंगार किया गया। बाबा मनकामेश्वर का अभिषेक सुबह 10 बजे प्रारंभ हुआ वही 1 बजे से हवन पुजन प्रारंभ हुआ जो शाम 6.00 बजे तक चलता रहा, वही रात्रि 7.00 बजे भव्य आरती कर श्रावण मास में प्रतिदिन चलने वाले अभिषेक का समापन हुआ। आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण भी किया गया। यहां प्रतिदिन नगर परसाई मनोंज जोशी व मंदिर पुजारी चंद्रशेखर शर्मा, बबलू शर्मा द्वारा अभिषेक करवाए जा रहा थे।

### गश्त के दौरान दो शातिर चोर रंगे हाथों गिरफ्तार



**देवास।** पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में रात्रि के दौरान प्रभावी गश्त कर संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीरसिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा रात्रि के दौरान प्रभावी गश्त की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 10-11 अगस्त की रात्रि करीब 1 बजे गश्त के दौरान महाकाली कंपनी के सामने शांतिनगर अमोना देवास स्थित एक साइकिल रिपेयरिंग दुकान से दो संदिग्ध व्यक्ति जिनमें एक नाबालिग था, बाहर आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को मौके पर पुलिस अभिरक्षा में लिया एवं जांच के दौरान पाया गया, कि संबंधित दुकान तथा समीप स्थित एक अन्य दुकान के ताले टूटे हुए थे और दोनों दुकान में चोरी के उद्देश्य से घुसे थे। पूछताछ में एक आरोपी ने अपना नाम गोवर्धन पिता बल्लू चौहान निवासी सर्वोदय नगर देवास बताया। आरोपी के कब्जे से चोरी गया माल साइकिल व मोटरसाइकिल की कुल 14 ट्यूब अनुमानित कीमत 5,250 रुपए को जब्त किया। थाना औद्योगिक क्षेत्र में अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### न्यायालय ने अभिभावकों पर लगाया जुर्माना

**देवास।** सड़क सुरक्षा को मज़बूती देने और यातायात व्यवस्था को सुगम व दुर्घटनारहित बनाने के लिए देवास यातायात पुलिस ने मोर्चा खोल दिया है। जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर अब सीधा अभिभावकों की जेब पर चोट की जा रही है। पुलिस अधीक्षक देवास के निर्देशन और एएसपी (यातायात) हरनारायण बाथम के मार्गदर्शन में जिले के कई स्थानों पर चेकिंग पाइंट लगाए गए। इसी दौरान जितेंद्र निवासी आनंद नगर और लोकेश निवासी मेंढकी चक के नाबालिग बेटों को बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाते पकड़ा गया। मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 199(क)(2) के तहत मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां सोमवार को दोनों वाहन स्वामियों (अभिभावकों) पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना ठोका गया। अब तक जिले में कुल 13 नाबालिग चालकों के मामलों में कार्रवाई कर 30,200 रुपए का समन शुल्क वसूला जा चुका है। यातायात पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि आगे भी ऐसे ही सख़्त कदम उठाए जाएंगे। यह पहल न केवल सड़क पर अनुशासन लाने में मददगार है, बल्कि दुर्घटनाओं के खतरे को भी कम करेगी। अक्सर 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे तेज़ और लापरवाह ड्राइविंग करते नज़र आते हैं, जिससे उनकी और दूसरों की जान को ख़तरा होता है। यातायात विभाग का यह सख़्त रुख वाकई सराहनीय है, जो सड़क सुरक्षा के लिए एक मिसाल बन सकता है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**देवास।** सतवास थाना क्षेत्र में बड़ौदा रोड निवासी 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम आजाद पिता शाकिर है, जो मजदूरी करता था और पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 अगस्त की रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद आजाद घर के बाहर मोबाइल चला रहा था। सुबह करीब 8 बजे परिजन उसे उठाने गए तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। दरवाजा तोड़ने पर वह रस्सी के फंदे से लटका हुआ मिला। परिवार ने तुरंत रस्सी काटकर नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जांच में सामने आया है कि आत्महत्या से पहले आजाद ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्यार-मोहब्बत से जुड़ी एक भावुक स्टोरी पोस्ट की थी। पुलिस इस स्टोरी को लेकर जांच कर रही है।

## समानांतर शराब ठेके व नशे के अवैध धंधों से शर्मसार हो रहा शहर

**देवास।** जिला प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते गली-गली में समानांतर शराब के ठेके खुल गए है। इस खुलम-खुल्ला गर्दी नशे के व्यापार के कारण गुंडागर्दी, चोरी जैसी घटनाएं नित्य घटित हो रही है, जिसे रोक पाने में जिला प्रशासन नाकाम सिद्ध हो रहा है। यह आरोप भा.ज.पा वरिष्ठ नेता पूर्व पार्षद दिलीप बांगर में लगाते हुए कहा कि शासकीय शराब के ठेकेदारों ने नियम विरुद्ध हर गली मोहल्लों में डायरी बनाकर शराब बिक्री करने हेतु एजेन्ट नियुक्त कर दिये जो खुल्लम-खुल्ला शराब बेच रहे है, जिससे उन क्षेत्रो के रहवासियों में काफी आक्रोश व्याप्त है, हर दस कदम की दूरी पर नशे के फलते फूलते व्यापार के चलते युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो हो रही है। एक ओर जिला प्रशासन नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा न करने की शपथ दिलाने जैसे कार्य कर रही है। वहीं नशा बेचने वालो की अनदेखी कर रही है, बड़े आश्चर्य की बात है। शहर में अपराधियों के होराले इतने बुलन्द है कि खुलेआम चौराहो-चौराहों पर भीड़ लगाकर खड़े रहते है। कोई देखने वाला नहीं है, सम्पूर्ण शहर में देर रात तक होटले एवं ढाबो पर खुल्लम-खुल्ला शराब परोसी जा रही है। रात्री में पुलिस गश्त करती दिखाई नहीं देती है। शहर में तेज गति से बड रही अपराधी घटनाओं से आमजन भयभीत है। पुलिस प्रशासन घटित घटनाओं के संदर्भ में स्वीकार कर रही है कि घटित घटनाये अपराधियो ने नशे की हालत में की है। परन्तु शराब एवं नशे के फल फुल रहे अड्डो की अनदेखी की जा रही है। जिला प्रशासन से आग्रह है कि वे शराब एवं नशे के अड्डों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही कर शराब ठेकेदारों ने डायरी के माध्यम से शराब बिक्री का गोरख धंधा चला रखा है उसे अविलंब बंद किया जाए।

### नशे में मदमस्त होकर कर रहे अपराध

आज अपराधी नशे में मदमस्त होकर अपराध कर रहे है,हाल ही में नशे में धुत अपराधियों में बिराखेडी में हनुमान जी की प्रतिमा को खंडित कर दिया तो वही गणेश जी, माताजी की प्रतिमा बनाने वाले पंडाल में घुसकर मूर्तियों को तोड़ दिया। इटावा क्षेत्र में नशे में धुत अपराधियों ने वाहनों के कांच फोडने एवं व्यापारियों को आतंकित करने जैसे कृत्य कर आमजनों में भय का वातावरण निर्मित किया।

## बाइक पर मदिरा परिवहन करते हुए गिरफ्तार



**देवास।** आबकारी देवास द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसमें दिनांक शनिवार को रात्रि में आबकारी वृत्त देवास ब में मुखबिर सूचना के आधार पर जेल चोराहे के पास बरोठा रोड से एक बिना नंबर की मोटर साइकिल पर 01 पेटी देशी मदिरा प्लेन एवं 01 पेटी बियर का परिवहन करते हुए जितेंद्र निवासी राजोदा को पकड़ा गया जिसके विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत प्रकरण पंजीबद् कर विवेचना में लिया गया जप्त सामग्री एवं वाहन का बाजार मूल्य लगभग रुपए 76000 है।

## रफी की पुण्यतिथि पर नग्मा ए रफी कार्यक्रम संपन्न




**देवास।** सुर संगम सांस्कृतिक संस्था देवास द्वारा 10 अगस्त को मल्हार स्मृति मंदिर हॉल में महान अमर गायक मो. रफी की 45 वीं पुण्यतिथि पर एक सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ. राजेन्द्र गुजराती ब्लाक मेडिकल ऑफिसर सोनकच्छ, डॉ. प्रमोद माहेश्वरी, राधेश्याम सोनी, डॉ. इकबाल कुरेशी, मुस्तफा अंसार एहमद हाथीवाले यातायात परिवहन विभाग, नगर पालिक निगम देवास ने मोहम्मद रफी एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आरंभ टीवी, आकाशवाणी गायक इकबाल खान ने मोहम्मद रफी तू बहुत याद आया गीत से किया। साथी गायक कैलाश श्रीवास ने ये जो चिलमन है, अजय सोलंकी ने सौ बार जनम लेंगे, डॉ. जुगल किशोर ने पुकारता चला हूं मैं, अनूप जैन ने तू इस तरह से मेरी जिंदगी में शामिल है जैसे शानदार गीतों की प्रस्तुतियां दी जिन्हें श्रोताओं ने खूब सराहा। इकबाल खान द्वारा गाये गीत ओ दुनिया के रखवाले को सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए एवं डॉ. जुगल किशोर ने लता मंगेश्कर की आवाज में मेरे यार शब्बा खेर गीत इकबाल खान के साथ गाकर खूब दाद बटोरी। कर्क्रम में गायिका माला स्टीफन्स, मंजु दांदे ने भी मैं चली मैं चली और लागी छूटे ना अब तो सनम आदि गीतों को गाकर सभी गायकों का बखूबी साथ निभाया।संचालन आकाशवाणी उद्घोषक गोपाल बावस्कर ने किया।

## एकेडमिक कॉन्वेंट स्कूल में भव्य इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन







### प्रभावशाली मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया

**देवास।** 11 अगस्त को एकेडमिक कॉन्वेंट स्कूल में नवनिर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से दायित्व सौंपने हेतु प्रतिष्ठित इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्साह और गरिमा का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीए हिमांशु दुबे सचिव, रोटरी क्लब देवास, विशिष्ट अतिथि अतुल सर शाखा प्रबंधक, फेडरल बैंक, देवास तथा मोहित श्रीवास्तव सचिव, स्कूल समिति एवं कॉलोनाइजर, के गरिमामयी स्वागत से हुआ। अतिथियों का स्वागत हेमलता मैडम ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इसके उपरांत दीप प्रज्वलन का आयोजन किया गया, जिसमें गणमान्य अतिथियों के साथ नमिता मैडम द्वारा मधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। उप-प्रधानाचार्य निशी इंदुराज के स्वागत भाषण के बाद छात्र नेताओं द्वारा विवेक सर के मार्गदर्शन में प्रभावशाली मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया।

बैज पहनाने का समारोह मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, हाई कोर्ट अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव, उप-प्रधानाचार्य एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संपन्न किया गया, जो नवनिर्वाचित परिषद को जिम्मेदारियों के हस्तांतरण का प्रतीक था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा शपथ ग्रहण समारोह, जिसे विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी करूणा गेहलोत द्वारा संचालित किया गया, जिसमें हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन एवं कन्वीनर ने विद्यालय के मूल्यों और परंपराओं को निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाने की शपथ ली। मॉनिटर बैज का वितरण यशस्वी मैडम के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य अतिथि सीए हिमांशु दुबे ने अपने संबोधन में छात्र नेताओं को अनुशासनप्रिय, आदर्श एवं ईमानदार बनने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि अतुल सर एवं मोहित श्रीवास्तव ने भी छात्र परिषद को शुभकामनाएं दीं। समारोह का समापन अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। चंचल शर्मा द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। प्रधानाचार्य ने नव-नियुक्त छात्र नेताओं को बधाई दी और उन्हें विद्यालय का गौरव बढ़ाने हेतु कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। यह दिन एकेडमिक कॉन्वेंट स्कूल परिवार के लिए गौरव और नेतृत्व, सेवा एवं जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने वाला।

## हर घर तिरंगा हर घर अभियान को लेकर उपायुक्त ने ली स्वास्थ्य विभाग की बैठक

### उपायुक्त ने दरोगाओं को निर्देश जारी किये



**देवास।** देश के 79 वे स्वंतत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 के अवसर पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के संबंध मे नगर निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग की बैठक ली। स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया भी बैठक में मौजूद थे। वार्ड दरोगाओं बैठक मे उपायुक्त श्री जाफरी ने उपस्थित समस्त स्वच्छता निरीक्षकों, दरोगाओं से कहा कि नगर निगम द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्दता अभियान का संचालन किया जा रहा है इसके तहत शहर के सार्वजनिक शौचालय की विशेष सफाई की जाएगी साथ ही वार्ड स्तर पर इस थीम पर स्वच्छता कार्यक्रम भी संचालित होंगे। 13 अगस्त को शाम सभी स्वच्छता मित्र महल राष्ट्पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष उपस्थित होकर अपने देश की स्वतंत्रता की अमरता के नारे लगाएंगे और देवास को स्वच्छ रखने के लिए संकल्प भी लेंगे। उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम शहर के प्रमुख चौराहों, मार्गो एवं अन्य सार्वजनकि प्रमुख स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाएगा। उपायुक्त ने दरोगाआं को निर्देश जारी किये गये कि तिरंगा अगर कहीं गिर जाये तो उसे सम्मान पूर्वक उठाकर पुनरू उसी स्थान पर लगायें तथा जो क्षतिग्रस्त हो तो उसे सम्मान पूर्वक लाकर निगम कार्यालय में रखें हैं। उपायुक्त ने नगर निगम की कचरा संग्रहण की गाडीयों पर भी तिरंगा लगायें जाने, निगम कार्यालय मे आकर्षक सजावट कर तिरंगामय किये जाने के भी निर्देश जारी किये गये साथ ही जिन दरोगाओं के वार्डो मे महापुरूषों की प्रतिमायें स्थापित हैं उन्हें धुलवाकर प्रतिमा स्थल के आस पास व्यापक सफाई, चुना लाईनें डाली जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि निगम स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सेल्फी पाईट भी बनाएगा।बैठक मे स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्रसिह ठाकुर, ओमप्रकाश पथरोड आदि सहित स्वच्छता निरीक्षक व दरोगा उपस्थित रहे।

## विधायक गायत्री राजे पवार के नेतृत्व में आज निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**देवास।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर निकलने वाली तिरंगा यात्रा के अन्तर्गत देवास विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों की यात्रा आज 12 अगस्त को सायं 5.30 बजे स्थानीय नाहर दरवाजा स्थित सोमेश्वर मंदिर से विधायक गायत्री राजे पवार के नेतृत्व में निकाली जावेगी।

यात्रा में विधायक के साथ ही जिलाध्यक्ष रायसिंह सैंधव भी उपस्थित रहेंगे। इसके पूर्व भाजपा के चारों मंडलों से अलग अलग उपयात्रायें निकाली जायेगी। जूनियर मंडल की यात्रा अग्रसेन महाराज की प्रतिमा कैलादेवी मंदिर से, सीनियर मंडल की यात्रा अटल जी की प्रतिमा बालगढ़ चौराहे से महाराजा मंडल की यात्रा स्थानीय स्टेशन रोड़ यूनियन बैंक के पास से तथा सद्गुरू शीलनाथ मंडल की यात्रा स्थानीय भोपाल चौराह प्रमिला राजे परिसर से निकाली जायेंगे।

सभी उपयात्राऐं अपने अपने मंडल में भ्रमण करने के पश्चात स्थानीय नहार दरवाजा स्थित सोमेश्वर मंदिर पर एकत्रीत होगी जहां से शहर के प्रमुख मार्ग नाहर दरवाजा, शालिनी रोड़ जनता बैंक चौराह, सुभाष चोक, नावेल्टी चौराहा, तेहसील चौराहे होते हुए सयाजी द्वार पर पहुचेगी जहां यात्रा का समापन होगा। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकरियों ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ साथ आमजन से भी आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर निकलने वाली यात्रा को सफल बनायें।

## श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज जाग्रति संगठन देवास का श्रावणी उपाकर्म संपन्न



**देवास।** श्री श्री गौड़ ब्राह्मण समाज जागृति संगठन देवास का श्रावणी उपाकर्म कार्यक्रम प्रयाग गार्डन में वेदमूर्ति पं. आशुतोष शुक्ल के आचार्यत्व में संपन्न हुआ। आचार्य श्री शुक्ल द्वारा सर्वप्रथम तीर्थ स्नान, हेमाद्री संकल्प, दशविधि पंचगव्य महास्नान कर नवीन यज्ञोपवित धारण करवाया। विष्णु पूजन पंचगव्य प्राशन कर तीर्थ तर्पण, देवऋषि, पितृो का तर्पण कर गणेश गौरी आदि देवी देवताओं का स्थापन पूजन कर सप्तऋषियों का पूजन हवन आरती कर विधि विधान से कर्म संपन्न किया गया। कार्यक्रम में जाग्रति संगठन के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, सुभाष पंड्या, घनश्याम जोशी, सूरजमल दुबे, ध्रुव जोशी, आशुतोष दुबे, नीरज दुबे, अनिल पंड्या, दिनेश पंड्या, जीवनलाल शर्मा, योगेश जोशी, मनोज उपाध्याय, चंद्रशेखर पंड्या, रमेश जोशी, निलेश शर्मा, शरद जोशी, दीपक तिवारी, महेश शर्मा, सुंदरलाल शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, जोशीजी कालूखेड़ी, पंकज जोशी, प्रशांत जोशी, दीपक पाठक, गौरव पंड्या, वैभव पंड्या सहित समाजजन उपस्थित थे। आभार आशुतोष दुबे ने माना।

## कलेक्टर ने दृष्टिहीन कन्या विद्यालय की छात्राओं से बंधवाई राखी



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने दृष्टिहीन कन्या विद्यालय देवास में पहुंचकर छात्राओं से राखी बंधवाई। इस दौरान बालिकाओं ने अपनी सुरीली आवाज में गीत गाकर कलेक्टर श्री सिंह का स्वागत किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यालय की बालिकाओं को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए कहा कि मुझे आपके साथ रक्षाबंधन मनाने का सौभाग्य मिला है। हमारा रिस्ता जुड़ा है, जो भी प्रशासन के संभव होगा आपके लिए किया जायेगा। सभी को भौतिक सुविधाएं मिले इसके लिए लगातार प्रयास किये जायेंगे। संस्था द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। संस्था के माध्यम से आप और आप जैसी अन्य बालिकाओं को लाभ मिल रहा है। आप सभी भविष्य में अच्छा करें। इस दौरान बलजीत सिंह सलूजा, राजेंद्र मूंदड़ा, राजेश व्यास, विद्यालय स्टॉफ तथा अन्य संबंधित उपस्थित थे।

**एक नजर** दोषियों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी

## क्षिप्रा ब्रिज पर कर रहे थे हंगामा, पुलिस ने चार बदमाशों को दबोचा



**देवास।** शहर में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे चार शोरगुल मचाने वाले बदमाशों को पुलिस ने मौके पर दबोच लिया। घटनास्थल पर हंगामे के कारण तनाव का माहौल बन गया था, जिसे पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर शांत कराया। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा शहर में अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीरसिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गत दिवस सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति क्षिप्रा ब्रिज पर जोर-जोर से चिल्ला रहे हैं और आपसी विवाद कर क्षेत्र में तनाव का माहौल बना रहे हैं। तत्काल थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र मय फोर्स के घटना स्थल पहुंचे एवं देखा कि शकील पिता शंकर उम्र 20 वर्ष निवासी सेवला सराई ग्वालिया रोड आगरा (उप्र), शंकर पिता रमजु मिरासी उम्र 50 वर्ष निवासी सेवला सराई ग्वालिया रोड आगरा एवं सत्तार पिता रमजान उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम लकेशरा जयपुर (राजस्थान) व यूसुफ पिता बाबू मिरासी उम्र 33 वर्ष निवासी आवास कॉलोनी कोटा (राजस्थान) चारों व्यक्ति मौके पर जोर-जोर से चिल्ला-चोट कर क्षेत्र में शांति भंग कर रहे थे। चारों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर धारा 170 बीएनएसएस 2023 के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय देवास में पेश किया गया।

### पुलिस की चेतावनी

देवास पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और दोषियों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।